पाठ 4. संयुक्ताक्षर (द्‌वित्व व्यंजन)

पाठ का उद्‌देश्य

इस पाठ का उद्‌देश्य बच्चों को संयुक्ताक्षरों के बारे में जानकारी देना और यह बताना है कि विभिन्न संयुक्ताक्षरों का प्रयोग कैसे किया जाता है तथा वे कैसे बनते हैं।

अध्यापन संकेत

समान वर्ण वाले संयुक्ताक्षर

बच्चों को समान वर्ण यानी एक ही वर्ण के संयुक्त रूप से बनने वाले शब्दों के बारे में बताएँ। पाठ में दिए चित्रों की पहचान कराकर उनका नाम बताने को कहें। जैसे–पत्ता, गुब्बारा, भुट्‌टा। समान वर्ण वाले शब्दों का उच्चारण करवाएँ।

असमान वर्ण वाले संयुक्ताक्षर

बच्चों को असमान वर्ण यानी अलग-अलग वर्णों के संयुक्त रूप से बने शब्दों के बारे में बताएँ। पाठ में दिए चित्रों की पहचान कराकर शब्दों के नाम बुलवाएँ। जैसे–पुस्तक, मक्खी, पुष्प। पाठ में दिए असमान वर्णों वाले संयुक्ताक्षरों का उच्चारण करवाएँ।

अन्य संयुक्ताक्षर

बच्चों को रेफ़ (र्) तथा पदेन (्र) के बारे में संक्षिप्त रूप से समझाएँ।

डिजीडिस्क (DigiDisc) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्‌यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।